# भाकृअनुप- राष्ट्रीय पशु रोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान

## हिन्दी सप्ताह
## 14 से 20 सिंतबर 2016

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर संस्थान में दिनांक 14 से 20 सिंतबर तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुवात 14 सितंबर को संस्थान के निदेशक (कार्यवाहक), डा. बी. आर. सोम द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर संस्थान के सभी वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत शोध छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर माननीय कृषि एवँ किसान कल्याण मंत्री, श्री राधामोहन सिंह द्वारा हिंदी दिवस पर जारी अपिल को पढा गया.



निदेशक महोदय द्वारा दीप प्रज्वलन

निदेशक महोदय ने हिन्दी के प्रोत्साहन के लिए सभी से हिन्दी का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने की अपील की तथा संस्थान के वैज्ञानिको, कर्मचारिओं और शोध छात्रो से ज्यादा से ज्यादा हिंदी के प्रयोग करने की अपील की.

इस अवसर पर संस्थान के हिन्दी कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष डा. डी. हेमाद्री ने सभी से विभिन्न प्रतियोगिताओं मे ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर संस्थान प्रधान वैज्ञानिक डा. (श्रीमति) राजेश्वरी शोम, डा. एस. एस. पाटील वरिष्ठ वैज्ञानिक, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजीवलोचन, सहायक वित्त और लेखा अधिकारी, बाबू आर के, व अन्य वैज्ञानिक और शोध छात्रो ने हिन्दी से जुड़े अपने कुछ अनुभवों को साझा किया।

हिन्दी सप्ताह के अंतर्गत सात विभिन्न प्रतियोगिताओ (आशुभाषण, निबंध लेखन, अनुवाद, आवेदन पत्र लेखन, प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद और गायकी) का आयोजन किया गया। जिसमे संस्थान के सभी लोगो ने बढ़-चढ़ कर सहभागीता की ।




निबंध लेखन प्रतियोगिता




गायकी प्रतियोगिता

सप्ताह के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी प्रभारी, डॉ. अवधेश प्रजापति ने हिन्दी सप्ताह में किए गए आयोजनों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगितायों में विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरुष्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत मे सहायक वित्त और लेखा अधिकारी बाबू आर के, समारोह के कुशल समापन में सभी के कुशल सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया।



















विजेताओ को पुरुष्कार वितरण